दैनिक भास्कर

# 96 हजार रुपए के नकली नोट पकड़े, तीन तस्कर गिरफ्तार, 8 कारतूस भी बरामद किए

## Jodhpur News - जयपुर/ जोधपुर | जोधपुर में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर 96 हजार रु. के जाली...



Jodhpur News rajasthan news caught fake nets of rs 96 thousand arrested three smugglers 8 cartridges also recovered

Jul 10, 2019, 09:00 AM IST



जयपुर/जोधपुर | जोधपुर में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर 96 हजार रु. के जाली नोट और 8 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों में हड़मानाराम औंसिया, सुनील कुमार फलौदी और अयूब खान शामिल है। इनसे 500 रु., 200 रु. और 100 रु. के नकली नोटों में 96 हजार रुपए की राशि बरामद की गई। एसओजी की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थों और हथियारों की सप्लाई भी करते हैं। नकली नोटों को पाकिस्तान से लाए जाने की आशंका है। एसओजी ने आरोपियों को सप्लाई देने वाले आरोपियों का पता लगा लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी है। -विस्तृत राजस्थान पेज

एसओजी के एडीजी अनिल पालीवाल ने बताया कि सूचना मिली थी कि सीमावर्ती क्षेत्र में जाली भारतीय मुद्रा की तस्करी की जा रही है। इसके बाद जोधपुर एसओजी की एक स्पेशल टीम बनाई गई। तस्करों के नेटवर्क के बारे में सूचनाएं एकत्र करने के दौरान सोमवार को सूचना मिली कि दो व्यक्ति बाइक पर जाली नोट लेकर फलौदी से जोधपुर जाने वाले मार्ग से जोधपुर चौराहे होते हुए जाएंगे। वे पोकरण से आने वाले व्यक्ति को नकली नोट देंगे। एसओजी टीम ने जोधपुर चौराहे पर गुप्त रूप से नजर रखी तो दो युवक बाइक पर आते दिखाई दिए। टीम ने दोनों को रोककर पूछताछ की। इनमें से भाखरी जंभेश्वर नगर निवासी हड़मानाराम विश्नोई (24) के पास 500-500 रुपए के 154 जाली नोट, 200 रुपए के 75 और 100 रुपए के 32 जाली नोट सहित कुल 95,200 रुपए की जाली भारतीय मुद्रा बरामद हुई। उसके साथी फलोदी थानांतर्गत सांवरीज निवासी सुनील कुमार बाना विश्नोई (25) से 500, 200 व 100 रुपए के एक-एक जाली नोट और 7.65 एमएम के 8 जिंदा कारतूस बरामद हुए। टीम ने इनसे पूछताछ की तो आरोपियों ने बताया कि ये जाली नोटों की डिलीवरी रामदेवरा थानांतर्गत लोहारकी निवासी अयूब खान को दी जानी थी। इसके बाद पोकरण तहसील के लोहारकी निवासी अयूब खान (25) को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

Source: https://www.bhaskar.com/rajasthan/jodhpur/news/jodhpur-youth-gave-triple-talaque-to-wife-01590639.html?art=next